UFO
digital cinema

Publication : Dainik Jagran
Date : 30/10/2016

दैनिक जागरण

नोवा सिनेमा ने मोगा में खोला पहला थिएटर

मोगा, विः भारत के सबसे बड़े डिजीटल सिनेमा डिस्ट्रीब्यूटर नेटवर्क तथा सिनेमा में विज्ञापन रिलीज करने वाले ग्रुप यूएफओ मूवीज ने अपना पहला फ्रेंचाइज नीलम नोवा सिनेमा आज मोगा वासियों को समर्पित किया। नीलम प्लाजा में खुले सिनेमा की जानकारी देते यूएफओ मूवीज के सीईओ विष्णु पटेल ने बताया कि उनके पास डिजीटल सिनेमा बिजनस तथा फिल्म के प्रदर्शन का बड़ा तजुर्बा है। नीलम नोवा सिनेमा में दो स्क्रीन हैं, जबकि इसमें 367 सीटें स्थापित की गई है। यह सिनेमा एक ही छत के नीचे हिन्दी तथा रीजनल भाषा की फिल्म दिखाएगा। सिनेमा में हाई क्वालिटी का डिजीटल सिस्टम लगाया गया है, जिससे श्रोताओं को बेहतरीन क्वालिटी की फिल्म, दिलकश संगीत तथा अन्य सुविधाएं मुहैया होंगी। उनको विश्वास है कि नीलम नोवा सिनेमा मोगा ही नहीं बल्कि मालवा वासियों के लिए भी शानदार तोहफा होगा। नीलम प्लाजा के पार्टनर नवदीप कुमार ने बताया कि उनके लिए यह बड़े सम्मान वाली बात है कि नोवा ग्रुप ने उनको इस प्रोजेक्ट के लिए चुना है। नीलम प्लाजा मनोरंजन के क्षेत्र में नया मुकाम हासिल करेगा। नोवा स्क्रीन दो-तीन अन्य शहरों में अपनी और फ्रेंचाइजी सिनेमा स्क्रीन लगाएगा।

मोगा में नीलम सिन्मा का उद्घाटन करते नवदीप कुमार। साथ हैं शिअद के अकाली नेता नवदीप संघा।